**दिनांक 22.11.2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के विभिन्न घटकों पर विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में, आ रही समस्याओं के समाधान किये जाने के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुर्नगठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 22.11.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–27.11.2024 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें–

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2. श्री डी0एन0प्रसाद, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
3. श्री आर0के0राव, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ।
4. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
6. श्री हरीश चन्द्र, उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
7. शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
8. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियंता, इले0 एण्ड मैके0, एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर।
9. श्री नरैन सिंह गिल, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
10. श्री रोहित गर्ग, मैके0इंजी0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
11. श्री आर.के.शुक्ला, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
12. श्री शैलेन्द्र गुप्ता, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
13. श्री कौशलेन्द्र यादव, इंजी0, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
14. श्री राकेश पारिख, डी0पी0एम0, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
15. श्री प्रभांशु गुप्ता, सीनियर इंजीनियर, PNC-SPML(JV), Hamirpur.



अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर द्वारा कार्यदायी फर्म पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0, हमीरपुर द्वारा हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत व भूजल योजना तथा पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत विद्युत बिलो का भुगतान न किये जाने के कारण इन्टेकवेल तथा सी0डब्लू0आर0 पर विद्युत संयोजन काट दिया गया है, जिसके कारण पेयजल की आपूर्ति बाधित हो रही है। कार्यदायी फर्मो के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि विद्युत बिलों में कुछ त्रृटिया होने के कारण भुगतान में विलम्ब हुआ है, आश्वासन दिया गया कि 03 दिवस के अन्दर विद्युत बिलों का भुगतान कर दिया जायेगा।



Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म द्वारा विद्युत बिलों का समय पर भुगतान न किये जाने के कारण असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि विद्युत बिलों का भुगतान प्रत्येक माह ससमय कर दिया जाय, जिससे इस प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न न हो।

अधिशासी अभियंता, वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा तथा हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत डब्लू0टी0पी0 तथा सी0डब्लू0आर0 पर बार–बार पावर कट होने तथा 08 से 10 घंटे ही बिजली मिल पाने के कारण ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उक्त के अतिरिक्त पत्यौरा डांडा तथा हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के डब्लू0टी0पी0 तथा सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर के माध्यम से विद्युत उपलब्ध कराया जाना है, किन्तु स्वतंत्र फीडर का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं गया है। उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0ख0, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि चन्द्रपुरवा बुजुर्ग सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर कार्य हेतु रेलवे विभाग से अनापत्ति प्राप्त की जानी है जिसके सम्बन्ध कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा रेलवे के सम्बन्धित अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर वार्ता की गयी। सम्बन्धित अधिशासी अभियंता, रेलवे, झांसी द्वारा अवगत कराया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा वांछित सूचना/ड्राइंग आदि सरामय उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा अनावश्यक रूप से देरी की जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष प्रकट किया गया तथा उपखण्ड अधिकारी हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि रेलवे विभाग से समन्वय कर यथाशीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर प्रतिकूल कार्यवाही की जायेगी। उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0ख0, हमीरपुर को निर्देश दिये गये कि डब्लू0टी0पी0 व सी0डब्लू0आर0 पर अनावश्यक रूप से विद्युत कटौती न की जाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाय, जिससे ग्रामीणों को रोस्टर के अनुसार पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा भुगतान की गयी प्राक्कलन धनराशि के सापेक्ष विद्युत संयोजन व अन्य कार्य किया गया है अथवा नहीं।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पोर्टल के अनुसार पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 10 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन कार्य शेष है तथा 17 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। इसी प्रकार हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 02 ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य तथा 12 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है, कार्यदायी फर्मों द्वारा पर्याप्त मानवशक्ति उपलब्ध न होने के कारण विगत कई माह से कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़ रेस्टोरेशन तथा हर घर जल प्रमाणीकरण दिनांक 15.12.2024 के पूर्व पूर्ण करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों को कार्य पूर्ण कर ऑपरेशन एण्ड मेन्टिनेन्स (O & M) में जाना है यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करा लिया गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि रोड़–रेस्टोरेशन पूर्ण किये गये ग्रामों में लोक निर्माण विभाग तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, हमीरपुर से सत्यापन करा लिया जाय कि मार्गों के रेस्टोरेशन का कार्य पूर्व की भांति गुणवत्तापूर्ण करा लिया गया है तथा सत्यापन आख्या उपलब्ध करायें।

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(सुरेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या–८३७ /न0गंगे–पे0यो0–स0बै0(2024–25) दिनांक२9नवम्बर, 2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर/राठ।
8. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner